आयोजन

पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में बनाए गए पार्थिव शिवलिंग, भारी संख्या में दद्दा धाम पहुंच रहे श्रद्धालु

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जयकारों से गूंजा दद्दा धाम

नवभारत, कटनी। झिझरी स्थित दद्दाजी धाम में रविवार से पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का धार्मिक आयोजन शुरू हो गया है। पहले दिन शिवलिंग निर्माण और महारुद्राअभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। काफी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओ ने शिवलिंग बनाये और विधि विधान से उनका अभिषेक किया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने सुबह से ही धार्मिक और सामाजिक रंग धारण कर लिया था। जैसे ही प्रात:कालीन आरती की ध्वनि गूंजी, श्रद्धालु काफी संख्या में स्थल पर पहुंचने लगे। सुबह होते ही भक्तों ने शिवलिंग निर्माण की पवित्र प्रक्रिया शुरू की, जिससे पूरा परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। युवा भाजपा नेता समाज सेवी और युवा उद्योगपति यश पाठक धर्मपत्नी श्रीमती अनुकृति पाठक के साथ समारोह स्थल पर सुबह से उपस्थित रहे। उन्होंने पंडित नीरज त्रिपाठी के सानिध्य में सपत्नीक शिवलिंग निर्माण व अभिषेक किया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सुबह पूज्य बड़े भैया डॉ अनिल शास्त्री जी ने पंडाल पहुंचकर पंडित नीरज त्रिपाठी के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं भक्तों से संवाद किया और आयोजन समिति द्वारा की गई तैयारियों की सराहना की डॉ शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे शिवलिंग निर्माण की गतिविधियों को देखा और इस पवित्र कार्य में जुटे भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से समाज में धार्मिक चेतना और एकता का संदेश प्रसारित हो रहा है। उनके आगमन पर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। काफी संख्या में भक्तों ने डॉ शास्त्री जी से आशीर्वाद लिया। पूरे परिसर में जय दद्दा जी और हर हर महादेव के जयघोष गूंज उठे। आयोजन समिति के अनुसार, जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ रहा है, श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। संपूर्ण वातावरण भक्ति, अनुशासन और श्रद्धा से ओतप्रोत दिखाई दे रहा है। दद्दा जी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धीरे-धीरे एक बड़ा रूप लेता जा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। चारो ओर मंत्रोच्चार की ध्वनियां गूंज रहीं हैं। वातावरण पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा में डूबा हुआ है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भावना का संदेश भी दे रहा है।गांवों और शहरों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। दद्दा धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मशहूर लोकगायिका संजो बघेल की भजन प्रस्तुति से सुन कर श्रद्धालू भाव-विभोर हो गए। संजो बघेल ने मंच पर एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

151 वारंटी गिरफ्तार, 104 गुंडों की कराई जांच

पुलिस टीम ने पूरे जिले में कॉम्बिंग गश्त कर की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिले में शनिवार-रविवार की दरम्यान रात पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर 151 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा आबकारी एक्ट के तहत 39 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने नशे में वाहन चलाने पर 6 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान 55 निगरानी बदमाशों और 49 गुंडा बदमाशों की जांच की गई। जुआ अधिनियम के तहत चार प्रकरण दर्ज कर जुआरियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में पूरे जिले में कॉम्बिंग की गई। इस दौरान 151 वारंटियों को गिरफ्तार किए गए हैं। इसके अलावा 104 गुंडे, बदमाश और आदतन अपराधियों की भी चैकिंग की गई। शांति कायम करने के लिए 122 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। बगैर किसी कारण देर रात घूमने वाले संदिग्ध युवकों को सख्त चेतावनी दी गई। यात्रियों और परिवारों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए भी पुलिस की सक्रिय भूमिका रही। बैंकों और एटीएम पर सुरक्षा बलों द्वारा औचक निरीक्षण गया। पुलिस का का कहना है कि यह अभियान अपराधियों में भय पैदा करने के साथ ही आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए चलाया गया है। भविष्य में भी कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

एक नजर में

किसानों के पंजीयन का 15 तक होगा सत्यापन

नवभारत, कटनी। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिए 9 नवंबर तक किसानों के पंजीयन कर लिए गए हैं। अब पंजीयन कराने वाले किसानों का सत्यापन 15 नवंबर तक किया जाएगा। किसानों की सुविधा के मद्देनजर कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए जिले में 11 पंजीयन केन्द्र बनाए गए थे। जिले के किसाना द्वारा बी पैक्स सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिनगौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकला, झिन्नापिपरिया, सिलौड़ी, स्लीमनाबाद और विपणन सहकारी समिति में पंजीयन कराया गया है। जिले में करीब 2 हजार 836 हेक्टेयर से अधिक भू-क्षेत्र में कोदो -कुटकी की खेती की जाती है। जिले का विजयराघवगढ़ क्षेत्र कोदो-कुटकी के उत्पादन में अग्रणी है। यहां के अलावा बड़वारा, ढीमरखेड़ा और रीठी क्षेत्र में भी कोदो-कुटकी की बढ़-चढ़ कर खेती की जाती है। श्रीअन्न उत्पादक जिले के किसानों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ-2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपए प्रति क्विंटल और कोदो 2500 रुपए प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जाएगा। इसके अलावा किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपए प्रति क्विंटल के मान से संबंधित किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजा जाएगा।

सर्वोत्तम किसान पुरस्कार के लिए 30 तक करें आवेदन

नवभारत, कटनी। कृषि तकनीक, उपज और उत्पादकता के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिला और विकासखंड स्तरीय कृषक पुरस्कार दिया जाएगा। कृषि, गतिविधियों से सम्बन्धित एक-एक किसान को जिला स्तर पर 25 हजार रूपए पुरस्कार दिया जाएगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष की राइस में चल रहा जुआ फड़

बाकल थाना प्रभारी शिवा पाठक ने मारा छापा

नवभारत, बाकल। अपराधियों जिले के बाकल थाना क्षेत्र स्थित राइस मिल में छापा मारकर जुआ खेल रहे 11 जुआरियों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने तासपत्ते और 11 हजार रूपए जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि बाकल थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस बल के साथ देर रात राइस मिल परिसर में दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कुछ जुआरी भागने में भी सफल हो गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में धर्मेंद्र सोनकर, अमित अग्रवाल, लक्ष्मण लोधी, अनिल कुमार दुबे, शंकर सिंह, शोभित जैन, संदीप साहू, शाहिद ताज, सौरभ सिंह और शिवम उर्फ गम्मू सोनी का नाम शामिल है। बताया जा रहा है कि जुआ-फड़ लंबे समय से चल रहा था और बीजेपी मंडल अध्यक्ष के राइस मिल परिसर में ही जुंआ खिलाया जा रहा था। थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक ने बताया कि राइस मिल के संचालक मौके पर मौजूद नहीं थे, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अवैध कृत्यों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई एसपी अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में की गई है।

ऑटो से टकराकर तालाब में जा गिरी कार, डूबने से दो युवकों की मौत

बिलहरी में लक्ष्मण सागर तालाब के पास हुआ हादसा

नवभारत, कटनी। कुठला थाने की बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कर एक ऑटो को टक्कर मारते हुए बिलहरी गांव स्थित लक्ष्मण सागर तालाब में जा गिरी। हादसे में कार में सवाल चार युवकों में से दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि दो युवकों ने कार से बाहर निकलकर तैरकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से कार को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक युवकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामल दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस

ने बताया कि भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत नायक (28) अपने दोस्त विकास तिवारी (26), अभिषेक चौरसिया (26) और अमन ताम्रकार (26) के साथ कार में होकर कटनी से अपने घर बिलहरी लौट रहा था। कार को विकास चला रहा था। तेज रफ्तार होने के कारण विकास ने कार से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार पहले सड़क किनारे खड़े एक ऑटो रिक्शा से टकराई और फिर लक्ष्मण सागर तालाब में जा गिरी।

प्रशांत नायक और विकास तिवारी कार से बाहर नहीं निकल पाए और तालाब में डूबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अभिषेक चौरसिया और अमन ताम्रकार किसी तरह कार से बाहर निकलने में सफल रहे और तैरकर अपनी जान बचाई। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और स्थानीय लोगों को दी। घटना की सूचना मिलते ही बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे पुलिस बल के साथ

घटनास्थल पर पहुंचे। अंधेरे में ही राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों और क्रेन की मदद से काफी मशक्कत के बाद कार को तालाब से बाहर निकाला। कार के अंदर फंसे प्रशांत नायक और विकास तिवारी मृत पाए गए। पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

जिला विकास सलाहकार समिति गठित, प्रभारी मंत्री बने उपाध्यक्ष

सांसद, विधायक, महापौर सहित जिला, जनपद अध्यक्ष बने सदस्य

नवभारत, कटनी। जिले के लिए दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में जिले की जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। समिति के उपाध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जारी जिला विकास सलाहकार समिति गठन आदेश में प्रभारी मंत्री द्वारा नामित उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाजसेवा, चिकित्सा विधि क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य सचिव कलेक्टर होंगे। सदस्य के तौर पर सांसद खजुराहो वीडी शर्मा और सांसद शहडोल हिमाद्रि सिंह सहित विधायक विजयराघवगढ़ संजय पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय पांडेय, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह और महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा सहित सभी छह जनपद पंचायतों के अध्यक्षों को भी सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा परिवहन, स्कूल शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा नामित उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाजसेवा, चिकित्सा विधि क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। इनमें समाजसेवा के लिए दीपक टंडन सोनी, काशी गुप्ता, डॉ उमा निगम, शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी, डॉ ब्रम्हा जसूजा, शिक्षा के लिए रंगलाल पटेल कारीतलाई, कृषि क्षेत्र से उदयराज सिंह चौहान, योगेन्द्र सिंह, रवि पांडेय कूडन को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार विधि क्षेत्र से रामकृपाल यादव ग्राम अमोच, उमेश मिश्रा, व्यापार से पीडी अवस्थी, विजय गुप्ता, जितेन्द्र अरोरा, राम रतन पायल, नवनीत खंडेलवाल, शैलेन्द्र जैन, और उद्योग सेक्टर से मनीष गेई, अनिल वासवानी जिला विकास सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

नवगठित समिति का उद्देश्य जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों और हितधारकों की ज़रूरतों, सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाना और जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित कर प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत को बढ़ावा देते हुए जिले रोड मैप तैयार करना है।

मारपीट कर बंधक बनाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

एनकेजे पुलिस ने शिकायत के बाद की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। एकेजे थाना अंतर्गत क्षेत्र में रास्ता रोककर अवैध रूप से रूपयों की मांग करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर थाना क्षेत्र मे आदतन अपराधियो पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। झलवारा गावं निवासी सुरेन्द्र पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के दो आदतन अपराधी रास्ता रोककर शराब पीने के लिए रूपयों की मांग की और नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर उसे बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियें के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। पुलिस टीम ने इस मामले में आदतन अपराधी आरोपी राहुल पटेल को कटंगीकला से घेरा बंदी कर गिरफ्तार लिया है। इस मामले ेंएक आरोपी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी एसआई रुपेन्द्र राजपूत, एएसआई केवल उइके, प्रधान आरक्षक शैलेष दमौहिया की भूमिका रही।

बस में छूटा यात्री का बैग, पुलिस ने खोजकर किया वापस

सूचना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने की बैग की खोजबीन

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान थाना अंतर्गत क्षेत्र में यात्रा के दौरान बस छूटे यात्री के बैग को पुलिस ने खोजकर वापस किया है। थाना प्रभारी एसआई दिनेश तिवारी ने बताया कि भोपाल निवासी ओमकार शर्मा पिता बलदेव प्रसाद शर्मा सामान यात्रा के दौरान बस में छूट गया था। ओमकार शर्मा देश के भौगोलिक केन्द्र करौंदी आए हुए थे। उतरने के बाद उन्हें अपने बैग के बस में छूट जाने की जानकारी मिली। जिसकी सूचना उनके द्वारा उमरियापान पुलिस थाने में दी गई। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर बस की खोजबीन की। पुलिस की सक्रियता और प्रयासों से मात्र 24 घंटे के अंदर बैग बरामद लिया गया। पुलिस टीम ने ओमकार शर्मा को उनका बैग सौंप दिया है। पुलिस की इस सक्रिय कार्रवाई की सराहना की जा रही है। ओमकार शर्मा ने भी पुलिस की तत्काल कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जताई। उन्होंने उमरिया पान पुलिस सहित कटनी पुलिस की तत्परता और जनसेवा की भावना की सराहना की है।

चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरा करें एसआईआर का कार्य

एसआईआर की समीक्षा में मैपिंग की गति बढ़ाने के निर्देश

नवभारत, कटनी। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी के निर्देश पर एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में विधानसभा मुडवारा में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत एसआईआर की कार्रवाई की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खंड स्तरीय कार्यालय प्रमुखों और सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ सुपरवाइजर से प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है। एसडीएम

ने आयोजित बैठक में सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर से बीएलओ की मानीटरिंग करें। तकनीकी और अन्य समस्याओं का निराकरण करते हुए कार्य में प्रगति लाएं। इसी प्रकार खंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने फील्ड स्तरीय कर्मचारियों को बीएलओ का समुचित सहयोग के लिए निर्देशित करें। बैठक में एसडीएम द्वारा खंड स्तरीय अधिकारियों और सुपरवाइजरों से बीएलओ ट्रेनिंग आष्शन, मैपिंग कार्य करने, गणना पत्रक वितरण, संग्रहण किए जाने के संबंध में समीक्षा करते हुए आने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए।

सभी सुपरवाइजरों को दोबारा निर्देशित किया गया है कि वह निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं। मतदान केन्द्रों के सुपरवाइजरों से प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मेला

कटाएघाट मेले में दिन में खेल प्रतियोगिता, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

कटाएघाट मेला शहर की सांस्कृतिक धरोहर है, हम सब मिलकर इसे और भव्य बनाएंगे

नवभारत, कटनी। शहर के कटाएघाट में नगर निगम द्वारा लगाया गया श्री बजरंग मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और मनोरंजक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आए कलाकार की रंगारंग प्रस्तुतियों से जनसमूह मंत्रमुग्ध हो रहा है। शनिवार को मेला परिसर में दोपहर को शहर के अलग-अलग स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने कौशिक वेशभूषा में संस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, गीत की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता भी मेले में आकर्षण का केंद्र रही। जिसका लोगों ने जमकर आनंद लिया। मेले के द्वितीय चरण में शाम को प्रेरणादायक फिल्म आई एम कलाम का ओपन शो प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने काफी संख्या में दर्शक पहुंचे। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेला परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर दुकानदारों से संवाद किया और सभी स्टॉल्स में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान महापौर ने छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गतिविधियों को देखकर प्रतिभागियों से संवाद भी किया और उनका मनोबल बढ़ाया। मेला परिसर में शाम को ओपन शो के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही प्रेरणादाई फिल्म आईएम कलाम का महापौर ने नगर निगम के पार्षदों और उपस्थित जनसमूह के साथ देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रेरणादाई आयोजनों से समाज को नई दिशा मिलती है। महापौर ने मेले के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कटाएघाट मेला नगर की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे हम सबके सहयोग से और भी भव्य बनाएंगे। मेले में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से क्षेत्र में उत्सव का वातावरण बना हुआ है। स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में भी मेले को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा मेले परिसर में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, कंट्रोल रूम, प्राथमिक चिकित्सा, पार्किंग और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। नगर निगम के कर्मचारी पूरे आयोजन स्थल पर लगातार व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यरत हैं। इसके अलावा नागरिको को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, तुलसा गुलाब बेन, बीना बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, पार्षद शकुन्तला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, रेखा तिवारी सहित अन्य की उपथिति रही।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का करें निराकरण

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को 50 दिवस और ग्रेडिंग की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने ने निर्देशित किया कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सभी अधिकारी अपनी शाखाओं के प्रकरणों की प्रतिदिन समीक्षा करें। सिविल की लंबित शिकायतों पर पर विशेष ध्यान देने के साथ ही भवन अनुज्ञा, स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण, सीवेज, समग्र आईडी, कर्मचारी पेंशन, पेयजल सहित विभिन्न शाखाओं की लंबित प्रकरणों की लेबल वाईज समीक्षा करने, संबंधित अधिकारियों को एल-4 की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए लंबित शिकायतों का गंभीरता से साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024